नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 13 जून 2019

एक्सप्रेसवे-एक्वा लाइन के ऊपर से गुजरेगा रेल पुल

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर : नोएडा प्राधिकरण को डीएफसीसी ने संस्तुति के लिए भेजी सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेड कॉरिडोर (डीएफसीसी) का एक रेल पुल नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और एक्वा लाइन मेट्रो कॉरिडोर के ऊपर से बनेगा। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण के लिए डीएफसीसी ने नोएडा प्राधिकरण से एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर डायवर्जन की मांग की है।

इसकी संस्तुति के लिए डीएफसीसी ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र भेजा है। डीएफसीसी के अधिकारियों के मुताबिक इस कॉरिडोर के लिए यमुना पर एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं, इससे आगे बढ़ने पर एक्सप्रेसवे की ओर जाने के क्रम में 45 मीटर रोड से पहले एक पुल निर्माणाधीन है। यह पुल एक्सप्रेसवे और एक्वा लाइन मेट्रो कॉरिडोर को पार करता हुआ आगे की ओर निकलेगा।

जनवरी 2021 है कॉरिडोर की टाइमलाइन : डीएफसीसी के डिप्टी चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा ने बताया कि इस कॉरिडोर की टाइमलाइन जनवरी 2021 तय की गई है। एक्सप्रेसवे पर निर्माणाधीन पुल के लिए काम शुरू हो चुका है। वहीं, इससे पहले और बाद में कॉरिडोर पर मिट्टी का काम चल रहा है।

250 मीटर लंबा होगा पुल

एक्सप्रेसवे और एक्वा लाइन मेट्रो को पार करता हुआ यह पुल करीब 250 मीटर लंबा होगा। सेक्टर-144 के पास यह पुल होगा। इसमें नौ पिलर होंगे। इसकी चौड़ाई 10.25 मीटर व ऊंचाई 13 मीटर होगी।

सर्विस रोड पर होगा डायवर्जन

सेक्टर-146 मेट्रो स्टेशन से 600 मीटर आगे सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन जाने के क्रम में एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर डायवर्जन की मांग डीएफसीसी ने की है। यहां फ्रेट कॉरिडोर निर्माण में पिलर का काम किया जा रहा है। करीब चार से पांच दिन बाद इस डायवर्जन की मांग की गई है, ताकि कॉरिडोर का काम हो सके।